BASELIGHT™

PRIME DESIGN SWEDEN



INDIA



SWEDEN





# उपयोगकर्ता मैनुअल (User manual)

## Baselight 420X


MediHelp Healthcare Pvt. Ltd.

D-6, 6052/1,Vasant Kunj, New Delhi-110070

Phone- 011- 4605 2020, E-mail: medihelpindia@gmail.com

# विषय सूची (Table of contents):


सामान्य सावधानियाँ (General cautions) 3

परिचालन से संबंधित पूर्वावलोकन (Operation overview) 4

कम्पोनेंट डायग्राम (Component diagram) 5

लेग का परिचालन 1 (Leg operation 1) 6

लेग का परिचालन 2 (Leg operation 2) 7

मस्तूल का परिचालन 1 (Mast operation 1) 8

मस्तूल का परिचालन 2 (Mast operation 2) 9

आर्मेचर विन्यास 1 (Armature configuration 1) 10

आर्मेचर विन्यास 2 (Armature configuration 2) 11

बॉलास्ट एक्सेसरी का उपयोग करना
(Using the ballast accessory) 12

रखरखाव (Maintenance) 13

तकनीकी डेटा (Technical data) 14

# व्यक्तिगत दुर्घटना या शून्य वारंटी से बचने के लिए परिचालन से पहले इसे सावधानीपूर्वक पढ़ें
(Read this carefully before operation to avoid personal injury or void warranty.)


## अभिप्रेत उपयोग (Intended usage)

बेसलाइट 420X एक मोबाइल लाइटिंग उपकरण है जो अस्थाई प्रकाश के लिए अभिप्रेत है जहाँ कम भार और बिजली की कम से कम खपत के संयोजन से उच्च लुमेन आउटपुट की आवश्यकता पड़ती है। बेसलाइट यथासंभव ऑपरेटर की सुरक्षा करने के लिए तैयार किया गया है तथा सुरक्षा के सभी फंक्शन लाल रंग में दिए गए हैं। हालांकि, ऑपरेटर को यह मैनुअल पढ़कर इस उपकरण की सीमाओं को समझना बहुत ही आवश्यक है।

## सावधानी (Caution)


- जब आर्मेचर चालू हो, तो इसे कभी भी न ढकें।
- आर्मेचर और मस्तूल को उठाने से पहले लेग को न फैलाएँ और उनकी लॉकिंग को सुरक्षित रखें।
- जब आर्मेचर ट्रांसपोर्ट बॉक्स से बाहर हो, तो बिजली चालू न करें।
- सुनिश्चित करें कि बेसलाइट जमीन विधिवत रूप से सुरक्षित लगे हों।
- मस्तूल को उठाने से पहले सुनिश्चित करें कि बेसलाइट जमीन के स्तर पर खड़े हों।
- सुनिश्चित करें कि बेसलाइट फिसलने वाले सतहों (बर्फ, कीचड़ इत्यादि) पर जमीन में सुरक्षित लगे हों।
- मस्तूल को उठाते समय लेग एंगल को समायोजित करने का प्रयास कभी भी न करें।
- बेसलाइट की सफाई/धुलाई करते समय पानी के उच्च दाब का उपयोग कभी भी न करें। केवल बगीचे की नाली के जैसा दबाब का ही उपयोग करें।
- सुरक्षात्मक अर्थ और ग्राउंड फॉल्ट स्विच के साथ इलेक्ट्रिकल कनेक्शन का उपयोग हमेशा करें।
- इलेक्ट्रिकल जंक्शन बॉक्स को खोलने का प्रयास कभी भी न करें। अंदर खतरनाक वोल्टेज है!
- मस्तूल उठाते समय लाल लॉकिंग हैंडल को कभी भी प्रतिरोधित न करें।
- बेसलाइन को साफ करने के लिए रासायनिक पदार्थों का उपयोग कभी भी न करें।
- अधिक भार/उपकरण को कभी भी मस्तूल या आर्मेचर पर न रखें।
- आर्मेचर को कभी भी सीधे पकड़कर न उठाएँ। हसेशा इसे मस्तूल से उठाएँ।
- सुनिश्चित करें कि मस्तूल को उठाते समय प्रत्येक खंड लॉक हों (क्लिक की ध्वनि)।
- मस्तूल को कभी भी लॉक एल्बो पर न छोड़ें। धीरे-धीरे नीचे की तरफ छोड़ें।
- इस उत्पाद में प्रकाश का स्रोत प्रकाश उत्पन्न करने वाले डायोड (LED) पर आधारित है। प्रकाश के स्रोत पर कभी भी देखने की कोशिश न करें क्योंकि इससे आपकी देखने की शक्ति प्रभावित हो सकती है।

# परिचालन से संबंधित पूर्वावलोकन
## (OPERATION OVERVIEW)




1

जमीन पर सभी
तीन लेग को फैलाएँ।




2

सभी तीन लेग पर लॉकिंग लीवर
को ऊपर की ओर फंसाएँ
(अध्याय "लेग परिचालन" देखें)




3

बॉक्स को तब
तक उठाएँ जब तक
कि यह खड़ा न हो जाए।
सेल्फ लॉकिंग




4

लेग एंगल समायोजित करें
यदि ऐसा करना आवश्यक हो
बेसलाइट को सीधा और
एक स्तर पर रखें
(अध्याय "लेग परिचालन" देखें)




5

आर्मेचर को ट्रांसपोर्ट
बॉक्स से बाहर उठाएँ
जब तक कि पहला
मस्तूल लॉक न
फंस जाए।



6


आर्मेचर विन्यास चुनें।
(अध्याय "आर्मेचर
विन्यास" देखें)



7

मस्तूल को वांछित ऊँचाई तक उठाएँ।
(अध्याय”मस्तूल परिचालन” देखें)

# कम्पोनेंट डायग्राम (COMPONENT DIAGRAM)




1 आर्मेचर

2 आर्मेचर प्लेटफॉर्म

3 आर्मेचर जंक्शन बॉक्स

4 मस्तूल लॉक

5 स्पाइरल केबल

6 मस्तूल

7 ट्रांसपोर्ट बॉक्स

8 मुख्य जंक्शन बॉक्स

9 डिम्मर

10 पावर स्विच

11 पावर एक्सटेंशन आउटलेट

12 पावर कोर्ड

13 पॉवर सप्लाई x २

14 व्हील्स

15 व्हील्स असेंबली

16 लेग लॉक

17 सपोर्ट लेग

18 मेन लेग

19 सर्फेस शू


# लेग परिचालन 1 (LEG OPERATION 1)




चेतावनी! मस्तूल को फैलाने के बाद लेग एंगल को समायोजित करने का प्रयास कभी भी न करें। समायोजन करने से पहले मस्तूल को हमेशी नीचे रखें।

बेसलाइट में तीन सपोर्ट लेग होते हैं जिसे असमान क्षेत्र में प्रतिपूर्ति करने के लिए व्यक्तिगत रूप से समायोजित किया जा सकता है। ऑपरेटर का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मस्तूल उठाने से पहले बेसलाइट ट्रांसपोर्ट बॉक्स हमेशा सीधा खड़ा (स्तर में) हो। इसके अतिरिक्त ऑपरेटर को सुनिश्चित करना चाहिए कि बेसलाइट ट्रांसपोर्ट बॉक्स को जमीन पर स्लाइड नहीं किया जा सकता है तथा लेग सर्फेस शू में एंकोरेज होल का संभावित उपयोग किया जा सकता है।

लेग समायोजन प्रक्रिया में तीन भाग होते हैं:






# लेग परिचालन 2 (LEG OPERATION 2)



सुरक्षित

**ट्रांसपोर्ट बॉक्स उठाने से पहले लेग को सुरक्षित कैसे करें** 




जब लॉकिंग लीवर इसके शीर्ष स्थिति में हो, तो सेल्फ लॉकिंग प्रक्रिया आरंभ होती है। जब ट्रांसपोर्ट बॉक्स को ऊपर की ओर उठाया जाता है तो बेसलाइट अब स्वयं लॉक हो जाएगा। ऑपरेटर को इस बात का निर्धारण किया जाना चाहिए कि बेसलाइट ट्रांसपोर्ट बॉक्स भूमि से उठाए जाने के बाद सीधा (स्तर में) खड़ा हो।

आगे के समायोजन के दो मुख्य कारण हैं:


क) जब उठाए गए बेसलाइट ट्रांसपोर्ट बॉकस को इस तथ्य के कारण एक समान  स्थिति में सेल्फ लॉक नहीं किया गया कि इसे सीधा नहीं उठाया गया था।

ख) क्षेत्र असमतल है जैसे कि ढ़ाल या टकराव की स्थिति में हो, जिसकी प्रतिपूर्ति  किए जाने की आवश्यकता हो।



असुरक्षित

**सपोर्ट बॉक्स नीचे करने से पहले लेग को असुरक्षित कैसे करें**



इस चरण में आगे बढ़ने से पहले हमेशा सुनिश्चित करें कि बेसलाइट आर्मेचर ट्रांसपोर्ट बॉक्स के भीतर गर्म किया जाए! इसे सभी तीन लेग पर नीचे की स्थिति में लाकर लॉकिंग लीवर रिलीज करें। अब सेल्फ लॉकिंग प्रक्रिया निष्क्रिय है तथा बेसलाइट ट्रांसपोर्ट बॉक्स को जमीन से कुछ सेंटीमीटर

*) तक उठाया जा सकता है और अब लॉकिंग क्लैम्प क्लैम्प होल को छोड़ देगा। अब ट्रांसपोर्ट बॉक्स को जमीन में नीचे करना संभव है। चित्र में लॉकिंग लीवर को अनलॉक स्थिति में दिखाया गया है (लीवर नीचे की ओर)।

*) एर्गोनोमिक टिप! बेसलाइट के नीचे खड़े रहें और घुटने को मोड़कर तथा पीठ को सीधा रखकर उठाएँ।

# मस्तूल का परिचालन 1 (MAST OPERATION 1)

चेतावनी ! बेसलाइट में सेल्फ लॉकिंग टेलीस्कोपिक मस्तूल होता है। व्यक्तिगत दुर्घटना या क्षति से बचने के लिए, इन प्रक्रियाओं का अनुसरण करना चाहिए !



?



?

**मस्तूल को फैलाने के लिए**

सुनिश्चित करें कि सपोर्ट लेग को फैला करके लॉक किया गया है तथा ट्रांसपोर्ट को भूमि के समान स्तरीय स्थिति में उठाया जाना चाहिए। अध्याय "लेग परिचालन" देखें।

1. मस्तूल खंड उठाते समय, एक हाथ को टेलीस्कोपिक पोल पर रखें और खंड को ऊपर उठाते समय इसे पकड़ने के लिए सही स्थान पर रखें। (चित्र A)

2. ट्रांसपोर्ट बॉक्स (चित्र B)को आर्मेचर से ऊपर उठाना आरंभ करें और फिर क्लिक की आवाज के साथ लॉक को फंसाने तक ऊपर उठाएँ। ग्रिप खोलने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सेक्शन को ऊपर और नीचे करने पर लॉक हो रहा है या नहीं। यदि ऐसा नहीं हो पा रहा है तो यह सेक्शन के खराब होने तथा लॉक बेल्लो के क्षतिग्रस्त होने का कारण हो सकता है।

3. अब लाइट का कॉन्फ़िगरेशन चुनने का समय आ गया है। चरण 4 के अनुसार कार्य करने से पहले अध्याय "लाइट कॉन्फ़िगरेशन" देखें।

4. जब लाइट कॉन्फ़िगरेशन पूरा हो जाए तो अगले मास्ट सेक्शन को बढ़ाना तब तक जारी रखें जब तक कि वांछित ऊँचाई प्राप्त न हो जाए या मस्तूल पूर्ण रूप से फैल न जाए।

# मस्तूल का परिचालन 2 (MAST OPERATION 2)

चेतावनी! बेसलाइट में सेल्फ लॉकिंग टेलीस्कोपिक मस्तूल होता है। व्यक्तिगत दुर्घटना या बेसलाइट में किसी प्रकार की क्षति से बचने के लिए इन प्रक्रियाओं को अपनाना आवश्यक है!



**मस्तूल को कम करना**

1. हमेशा निचले खंड को कम करके शुरू करें और उसके बाद एक-एक करके ऊपर करें।
2. अपना एक हाथ लॉक के आस-पास रखें तथा लाल ग्रिप पर खींचकर लाने के लिए तर्जनी (इंडेक्स फिंगर) का उपयोग करें और दूसरे हाथ को मस्तूल खंड के पास रखें  और इसे कुछ मिलीमीटर ऊपर की ओर  उठाकर रखें। इससे सुरक्षा प्रक्रिया खराब हो जाएगी और खंड की संभावित गति कम हो जाएगी।
3. ग्रिप को मस्तूल खंड (तस्वीर में दाईं ओर) के पास रखें और धीरे-धीरे नीचे की ओर खिसकाएँ। यदि आवश्यक हो तो ब्रेक लगाएँ। यह खंड कभी भी अगले खंड, जो प्रक्रिया के लॉक होने पर क्षतिग्रस्त हो सकता है, पर ड्राप नहीं होना चाहिए।
4. अंतिम (सबसे ऊपर तथा सबसे पतला पाइप) खंड के कम होने से पहले, ऑपरेटर को स्टोविंग आर्मेचर देखें) के आर्मेचर को कॉन्फ़िगर करना चाहिए।

**कृपया नोट करें**

निचले मूवमेंट की ब्रेकिंग के समय बढ़िया घर्षण प्राप्त करने के लिए अलग-अलग मौसम की स्थिति ऑपरेटर की संभावना को प्रभावित कर सकता है। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो स्थिति के अनुकूल होने तक मस्तूल कार्यों को रोक देना चाहिए। मस्तूल का कार्य आरंभ करने से पहले हमेशा घर्षण के स्थिति जाँचें।

# आर्मेचर विन्यास 1 (ARMATURE CONFIGURATION 1)

जब टेलीस्कोपिक मस्तूल का सबसे ऊपरी खंड ट्रांसपोर्ट बॉक्स के बाहर (अध्याय: मास्ट कार्य 1 देखें) निकल जाता है तो उपयोग किए जाने वाले आर्मेचर विन्यास को चुनें।

## 360 डिग्री विन्यास

इस प्रकार के विन्यास सभी दिशाओं (360 डिग्री) में प्रकाश प्रदान करते हैं।





झुके हुए मोड में उपयोग करने के समय घर्षण लॉक के कार्य की स्थिति जांचें। ऑपरेटर के रूकने वाली स्थिति पर पहुँचने तक वह सभी पैनल को बाहर की ओर मोड़ता है।

## 180 डिग्री विन्यास

इस प्रकार के विन्यास एक दिशा (180 डिग्री) में केन्द्रित प्रकाश प्रदान करते हैं। विन्यास निर्देशों के लिए अगला पृष्ठ देखें।





## मिश्रित विन्यास


दिए गए नाम के अनुसार यह तिरछे और सीधे आर्मेचर का मिश्रण है।




# आर्मेचर विन्यास 2 (ARMATURE CONFIGURATION 2)



आर्मेचर बेस पर स्नैप लॉक खोलें और आर्मेचर के बाएं भाग को स्लाइड बेस के थोड़ा ऊपर उठाएं।



आर्मेचर के प्रत्येक ओर पर दोनों हाथों से धीरे-धीरे तब तक खिसकाएँ जब तक कि स्थिति लॉक न हो जाए। आर्मेचर को बंद करने का प्रयास करते हुए इसके लॉक होने की जांच करें। यदि लॉक सही तरह से नहीं लगे हैं तो थोड़ा और दबाव डालें।




स्टोविंग से पहले आर्मेचर को 360 विन्यास में रीस्टोर करने के लिए आपको उन्हें ऊपर की ओर खिसकाते हुए प्रत्येक आर्मेचर पर लॉक को उठाना चाहिए। एक समय पर एक तरफ (दाएं या बाएं) से शुरू करना और भीतरी लॉक को बाहर की तरफ निकाल कर कार्य करना बेहतर प्रयास है। सही तरह से बंद करने के लिए आर्मेचर की बाईं ओर को स्लाइड बेस के ऊपर धीरे-धीरे चढाने की आवश्यकता होती है।

सावधान! सुनिश्चित करें कि ऐसा करते समय कोई भी केबल न खींचा जाए।

# एक्सेसरी ( ACCESSORY)

## Solarstock (Power Bank)




| Load | Time |
|---|---|
| 400W | 0.5-1.5 hours |
| 300W | 1-2 hours |
| 150W (TV, CPAP) | 3-4 hours |
| 100W (car fridge) | 5-6 hours |
| 10W (lamps) | 59-60 hours |
| 5W (smart phone) | 100-120 Charges |



User-friendly interface

Long Running Time

Aluminum alloy case, portable all-in-one unit

# रखरखाव (MAINTENANCE)

बेसलाइट का निर्माण कम-से-कम रखरखाव और दूरवर्ती स्थानों में उपयोग के अनुसार किया गया है। कम या बिना रखरखाव की आवश्यकता इस उत्पाद की मुख्य विशेषता है।

आवश्यक रखरखाव निम्नलिखित है:

प्रत्येक उपयोग के बाद ऑपरेटर को निम्नलिखित कार्य करना आवश्यक है:

**क्षतिग्रस्त विद्युत तारों की जांच करें।**

यह निम्नलिखित में से हो सकता है:

- मुख्य पॉवर केबल और प्लग
- एक्सटेंशन केबल और प्लग
- आर्मेचर केबल
- स्पाइरल केबल

यदि इन सामग्रियों में कोई क्षतिग्रस्त पाया जाता है तो तुरंत मरम्मत की आवश्यकता है। कार्य टैब तक शुरू न करें जब तक कि खराबी ठीक न हो।

प्रत्येक वर्ष:

**टेलीस्कोपिक मस्तूल को चिकनाएं।**

प्रत्येक वर्ष मस्तूल खंड के भीतर सिलिकॉन स्प्रे से चिकना किया जाना चाहिए। यह साधारण प्रक्रिया है जिसमें निम्नलिखित चरण शामिल हैं:

1. रेड लॉक पर ले जाने के समय प्रत्येक मस्तूल खंड (एक समय में एक बार) को तब तक खिसकाएँ जब तक कि मस्तूल लॉकिंग छिद्र का भाग स्वयं लॉक के ऊपर दिखने न लगे।
2. लगभग 3 सेकंड तक अन्दर की ओर सिलिकॉन स्प्रे करें।
3. रेड लॉक छोड़ें और मास्ट सेक्शन नीचे की ओर खिसकाएँ।
4. प्रत्येक मस्तूल खंड के लिए प्रक्रिया दोहराएं।

# तकनीकी डेटा (TECHNICAL DATA)

बल्लास्ट के बिना वायु प्रतिरोध......................................................20 मीटर/सेकंड तक

बल्लास्ट के साथ वायु प्रतिरोध...........................................................30 मीटर/सेकंड

ल्युमिनस फ्लक्स ..........................................................................50.000

ल्युमन लाइट सोर्स लाइफटाइम ..............................................................50.000 घंटे

कार्य का तापमान ..............................................................-30 से + 45 डिग्री सेंटीग्रेट

कार्य करने के लिए वोल्टेज....................................................90 से 305 VAC/50Hz

पॉवर कनेक्टर ..................................................सी.ई.ई. (CEE) या स्युको (Schuko)

रंग तापमान ................................................. 6000 केल्विन (दिन की रौशनी में चमकीला)

बिजली खपत ........................................................15 से 420 वाट (कम होने लायक)

आई.पी. (IP) रेटिंग ..........................................................................IP67

वजन ...........................................................................30 कि.ग्रा. (66lb)


पूर्ण रूप से खुलने के बाद उंचाई....................................................4.5 मीटर (15 फीट)

परिवहन आयाम.............................................................1200मिमी x 280मिमी

प्रमाणीकरण.......................................................................सी.ई. (CE)

# Baselight in Action













BASELIGHT™

PRIME DESIGN SWEDEN

MediHelp Healthcare Pvt. Ltd.
D-6, 6052/1,Vasant Kunj, New Delhi-110070
Phone- 011- 4605 2020, E-mail: medihelpindia@gmail.com